लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1346

24 जुलाई, 2017 को उत्तर के लिए

इस्पात संयंत्रों में सुरक्षा

1346. प्रो॰ रविन्द्र विश्वनाथ गायकवाड़ः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने इस्पात उत्पादक कंपनियों द्वारा किए जाने वाले सुरक्षा और पर्यावरण रक्षोपायों की समीक्षा की है;

(ख) यदि हां, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सरकार द्वारा सुरक्षा तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रशिक्षण हेतु चालू वर्ष के दौरान कितनी निधि खर्च की गई है; और

(ग) सरकार के पास उपलब्ध सुरक्षा, प्रशिक्षण तथा पर्यावरण रक्षा संबंधी अवसंरचना का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **श्री विष्णु देव साय**

(क) : इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है और प्रत्येक इस्पात विनिर्माण कंपनियाँ अपने संबंधित संयंत्रों/यूनिटों में सुरक्षा एवं पर्यावरण सुरक्षा के उपायों और प्रशिक्षण को लागू कर उनकी समीक्षा करती है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न सांविधिक विनियमों/प्रावधानों इत्यादि के अंतर्गत प्राधिकारियों द्वारा भी समीक्षा की जाती है।

(ख) और (ग) : प्रश्न नहीं उठता।

*****